नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक : 11.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, धूसड़, गोरखपुर में **स्वामी विवेकानन्द जयन्ती की पूर्व संध्या** पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में **'कम्बल वितरण'** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती शिप्रा सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का सम्पूर्ण दर्शन मानवता और समाज सेवा को प्रेरित करने वाला है। उनका यह उद्घोष कि जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी है, तब तक मै उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूँ, जो उनके बल पर शिक्षित तो बना परन्तु आज उसकी ओर ध्यान नहीं देता। वास्तव में सबसे बड़ी सेवा और सबसे बड़ा धर्म गरीब और संसाधनविहीन लोगों का सहयोग करना होता है। ऐसे सेवा के कार्य से व्यक्ति दूसरे का सहयोग नहीं बल्कि स्वयं को परिष्कृत करता है।

इस अवसर पर भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को परिसर में पठन, पाठन के साथ–साथ अपने आस–पास के ग्रामीण के उत्थान का भी कार्य एक महती जिम्मेदारी अवश्य होनी चाहिए। शिक्षित समाज को अपने आस–पास वंचित लोगो की मूलभूत सुविधाओ के प्रति सजग रहनी चाहिए। सेवा भाव व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मानव सेवा के ऐसे कार्यो से विद्यार्थी के अन्दर भी संवेदनशीलता का भाव उत्पन्न होता है। समाज की समस्या से वह परिचित होता है। इस दृष्टि से भी सेवा के इस प्रकार के कार्य महत्वपूर्ण होते है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अभिगृहित गॉव मंझरिया के बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती कविता मन्ध्यान डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय, श्री विनय कुमार सिंह, श्री राहुल गिरि, श्री विषाल दूबे, श्री विवेक विश्वकर्मा सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

Rajesh

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी